हरिभूमि
हिसार भूमि
रोहतक, सोमवार, 25 मार्च 2024

तापमान

अधिकतम 29 .0 डिग्री
न्यूनतम 16 .5 डिग्री

11 शहीद भगत सिंह की विचारधारा को अपनाएं युवा



12 विपक्ष के पास नहीं कोई मुद्दा, प्रदेश की सभी लोकसभा सीटें जीतेगी भाजपा



श्यामजी स्नैक्स में संगीत और रंगों के साथ मनाया होली का त्यौहार

हिसार। बच्चों और बड़ों के पंसदीदा स्नैक्स बन चुके श्यामजी स्नैक्स की फैक्ट्री में आज होली का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। जगान रोड स्थित फैक्ट्री में श्यामजी स्नैक्स के निदेशक अमित सिंगल, परवीन सिंगल और अरुण सिंगल ने अपने सभी स्टाफ सदस्यों के साथ रंगों के इस उत्सव की खुशियां साझा की। सभी ने मिलकर संगीत और रंगों के साथ इसे मनाया। श्यामजी स्नैक्स के कर्मचारियों ने एक साथ इस उत्सव को मनाकर इस सामाजिक उत्सव की सार्थकता को बढ़ावा दिया और सामाजिक एकता व भाईचारे के इस महत्वपूर्ण पल का आनंद लिया।

हरियाणा कांग्रेस पार्टी ने हिसार, सिरसा व भिवानी से उतारे उम्मीदवार

हिसार। हरियाणा कांग्रेस पार्टी ने राज्य के तीन लोकसभा सीटों पर अपने उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं। इस संबंध में पार्टी की बैठक अध्यक्ष सलीम सुलखनी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सलीम सुलखनी ने बताया कि बैठक में पार्टी समर्पित तीन लोकसभा उम्मीदवारों की घोषणा की गई जिसमें हिसार से कुलबीर सिंह नियाणा, सिरसा से रणसिंह पवार व भिवानी-महेंद्रगढ़ से रोशन लाल गुडाना तीनों को निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर उतारा गया है। इन सभी उम्मीदवारों को हरियाणा कांग्रेस पार्टी का पूर्ण समर्थन रहेगा। सलीम सुलखनी ने कहा कि हकांपा का उद्देश्य राजनीति का नहीं बल्कि जनसेवा व व्यवस्था परिवर्तन का है। यह व्यवस्था परिवर्तन की दिशा में हमारा पहला कदम है। इस अवसर पर रोशन लाल गुडाना, नसीब सोनीपत, रामनवाज टोहाना, सुनील लितानी, रोशन किनाना, रोशन लाल प्रधान, चांदी नाथ, होशियार खान पूर्व प्रधान बरवाला, यासीन खान, बशीर फौजी, राजली, अनिल लितानी, जाकिर हुसैन पूर्व जिला परिषद सदस्य, परवेज खान, राजिंदर और अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

अभिनंदन समारोह का आयोजन

हिसार। लाडवा गांव निवासी नरेश जांगड़ा को श्रम कल्याण बोर्ड का चेयरमैन बनाए जाने पर गांव लाडवा में उनके सम्मान में एक अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें गांव वालों ने उन्हें पगड़ी पहनाकर व फूल मालाओं से स्वागत किया। गांव लाडवा के सरपंच रामफल पूनिया, जिला पार्षद जसबीर लाडवा, बीडीसी मेंबर भूपेंद्र और पवन, लाडवा गौशाला के प्रधान आनंद राज आदि ने फूल मालाओं से नरेश जांगड़ा का स्वागत किया। ग्रामीणों ने कहा कि नरेश जांगड़ा ने गांव की सरकार में हिस्सेदारी करके गांव का मान बढ़ाया है। पिछले कई वर्षों की उनकी मेहनत, संघर्ष व निष्ठा का फल उन्हें मिला है। उम्मीद है गांव के साथ-साथ वे प्रदेश के श्रमिक वर्ग के हितों की रक्षा के लिए डटकर कार्य करेंगे।

चुनाव जीतने के लिए भाजपा अपना रही ओच्छे हथकंडे

हिसार। हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट ने आरोप लगाया है कि भारतीय जनता पार्टी चुनाव जीतने के लिए ओच्छे हथकंडे अपना रही है। पार्टी का कहना है कि इन हथकंडों के तहत लोकतंत्र पर कुठाराघात करके विपक्ष को कुचलने का हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट के अध्यक्ष एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल ने कहा कि भाजपा तानाशाही रवैया अपनाते हुए सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। ईडी व सीबीआई के माध्यम से विपक्षी दलों के राजनेताओं पर न केवल दबाव बनाया जा रहा बल्कि उन्हें प्रताड़ित भी किया जा रहा है। भाजपा एक तरफ जनता को झूठे वादे करके बरगलाने की कोशिश कर रही है और दूसरी और प्रतिद्वंद्वी पार्टी व प्रत्याशियों को आतंकित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा चाहे कितना ही तानाशाही रवैया अपनाकर कितने ही अत्याचार कर लें लेकिन अब सच्चाई जनता से छुपी हुई नहीं है।

अफीम सहित एक काबू तीन दिन के रिमांड पर

हिसार। सीआईए टीम ने गांव खैरमपुर के खेतों में बनी ढाणी से एक व्यक्ति को काबू कर 406 ग्राम अफीम की बरामद की है। एएसआई जितेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस टीम को गश्त के दौरान सूचना मिली कि गांव खैरमपुर के खेत मे बनी ढाणी में एक व्यक्ति नशीला पदार्थ बेचने का काम करता है। सूचना के बाद पुलिस टीम ने बताए गए स्थान गांव खैरमपुर के खेत में बनी ढाणी पर पहुंची तो एक व्यक्ति अपने हाथ मे सफेद रगं का पोलीथीन लिये हुए ढाणी से निकल कर कच्चे रस्ते पर जाता हुआ दिखाई दिया, जो पुलिस पार्टी नजदीक आती देख तेज कदमों से वहां से खिसकने को कोशिश करने लगा। इस पर पुलिस टीम ने उसे काबू कर नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम गांव खैरमपुर निवासी रामकुमार बताया। तलाशी लेने पर रामकुमार के कब्जे से पॉलिथीन की थैली से अफीम बरामद हुई, जिसका वजन करने पर कुल 406 ग्राम हुआ। पुलिस ने अफीम बरामद करके उसके खिलाफ आदमपुर थाना में मादक द्रव्य अधिनियम के तहत केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने उसे अदालत में पेश किया, जहां से उसे तीन दिन के रिमांड पर भेज दिया गया।

चोरी की मोटरसाइकिल के साथ एक गिरफ्तार

हांसी। पुलिस की वाहन चोरी निरोधक टीम ने चोरी की मोटरसाइकिल के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किये गये आरोपी की पहचान मसुदपुर गांव निवासी सन्नी के रुप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि वाहन चोरी निरोधक टीम गश्त पड़ताल के दौरान मसुदपुर से सिंघवा रोड़ वाहनों की जांच कर रही थी कि इस दौरान पुलिस टीम मोटरसाइकिल सवार युवक को रोक मोटरसाइकिल के कागजात दिखाने के लिए कहा तो वह कोई कागजात पुलिस के समक्ष पेश नहीं कर पाया। पुलिस ने जब उससे सख्ती से पुछताछ की तो उसने बताया यह मोटरसाईकिल विजय विहार थाना रोहणी नई दिल्ली से चोरी की थी। पुलिव ने उसे गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया, जहां से उसे तीन दिन के रिमांड पर भेज दिया गया।

















होली व फाग के दृष्टिगत पुलिस ने किए कड़े प्रबंध

होली पर हुड़दंग की तो खैर नहीं, पुलिस की रहेगी नजर

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

जिला पुलिस प्रशासन ने होली व हरियाणा में प्रमुख रूप से मनाए जाने वाले फाग के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए विशेष पुलिस टीमें बनाई गई है वहीं महिला पुलिस की तैनाती की बात भी कही गई है। विभिन्न क्षेत्रों से पुलिस प्रशासन को मिली सूचनाओं के आधार पर ऐसी व्यवस्था की गई है। पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा पहले ही ऐलान कर चुके हैं कि किसी को व्यवस्था नहीं बिगाड़ने दी जाएगी। होली व फाग के दिन व्यवस्था बनाए रखने के विशेष प्रबंध किए गए हैं। पुलिस प्रशासन ने होली पर हुड़दंग करने वालों को चेताया है कि उन पर कड़ी नजर रहेगी और सख्त कार्रवाई होगी। हुड़दंग मचाने वालों से सख्ती से निपटने के निर्देश हर थाना व चौकी प्रभारी को दिए गए हैं। हुडदंग करने वालों पर पुलिस की नजर रहेगी। सभी थाना और चौकी प्रभारियों को होली के त्योहार पर सुरक्षा के मद्देनजर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए निगरानी व सतर्कता के साथ प्रभावी गश्त के निर्देश दिए गए है। होली के शुभ अवसर पर किसी प्रकार का हुड़दंग या शांति व्यवस्था भंग न हो, इसके लिए शरारती तत्वों पर कार्रवाई की जाएगी।

- पुलिस गश्त बढ़ाई, महिला पुलिस की भी तैनाती की

थाना व चौकी प्रभारी करेंगे चिन्हित

सभी थाना और चौकी प्रभारियों को त्योहार के अवसर पर कानून और शांति व्यवस्था बिगाड़ने वाले को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई करने बारे निर्देशित करते हुए कहा गया है कि किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

महिला पुलिस की रहेगी तैनाती

पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा का कहना है कि होली के अवसर पर महिलाओं की सुरक्षा के लिए विशेष महिला पुलिस पुलिस की तैनाती की गई है। ट्रेफिक व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए ट्रेफिक थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया है। सभी चौक चौराहों पर पुलिस तैनात रहेगी। सभी पीसीआर और डायल 112 को निर्देश दिए गए हैं कि पुलिस कंट्रोल रूम के माध्यम से जहां भी अव्यवस्था की सूचना प्राप्त हो, वहां तुरंत मौके पर पहुंच स्थिति से निपटे।

साइलेंसर से पटाखे बजाए तो नपेंगे

मोटरसाइकिल के साइलेंसर से पटाखों जैसी आवाज निकलने वाले, बिना हेलमेट और ट्रेफिक के नियमों की अवहेलना करने वालों और शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ एल्को सेंसर की सहायता से सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करें।

14 वाहन जब्त, 340 के काटे चालान

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार जिला पुलिस ने पिछले 12 घंटे में ट्रेफिक नियमों की अवहेलना करने वालों और शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर प्रभावी कार्रवाई की है। इसके तहत ड्रंक एंड ड्राइव समेत कुल 340 वाहन चालकों के चालान और 14 वाहनों को मोटर वाहन अधिनियम के तहत जब्त किया गया है।

होली पर हुड़दंगबाजी रोकने के लिए पुलिस हुई सख्त

होली पर शांति बनाए रखने के अपने दावे को अमलीजामा पहनाते हुए पुलिस ने सख्ती शुरू भी कर दी है। इसके तहत पुलिस ने पिछले 12 घंटे में 340 वाहन चालकों के चालान और 14 वाहनों को मोटर वाहन अधिनियम के तहत जब्त किया है। पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा ने कहा कि जिला पुलिस होली के त्योहार पर हुड़दंग मचाने वालों से सख्ती से निपट रही है। सभी थाना क्षेत्रों में स्पेशल नाकाबंदी कर संदिग्धों की चैकिंग की जा रही है।

शराब पीने वालों पर होगी कार्रवाई, नागरिकों को दी शुभकामनाएं

पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा ने कहा है कि अगर कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक स्थान, गाड़ी में या रास्ते में शराब पीता हुआ पाया गया तो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। उन्होंने नागरिकों को होली की शुभकामनाएं देते हुए अपील की है कि अपने बच्चों को समझाएं कि वे घर से बाहर निकलकर किसी तरह की हुड़दंगबाजी न करें और न ही शराब पीकर निकले। ऐसे लोगों को पुलिस बख्शेगी नहीं और मामला दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

आत्मा के उत्सव का मिलन सुप्रभात ध्यान और होली के रंग : आचार्य सुभाष

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार



हिसार। होली उत्सव मनाते हुए साधक। फोटो : हरिभूमि

ओशो सिद्धार्थ फाउंडेशन के तत्वाधान में ओशोधारा मैत्री संघ की ओर से कौशिक नगर स्थित ध्यान साधना केंद्र में ओशोधारा हरियाणा के संयोजक आचार्य सुभाष ने सुप्रभात ध्यान करवाया। आज होली का उत्सव है और ओशोधारा इस देश की सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहर को हमेशा आगे बढ़ाने को तत्पर रहता है।

आचार्य ने देशवासियों को होली की बधाई देते हुए बताया कि उत्सव मानव जीवन का एक अभिन्न अंग है और उत्सव से बहुत से विकारों से निजात मिलती है। इसके बाद उन्होंने सुप्रभात ध्यान के बारें में बताया कि सुप्रभात ध्यान मन, शरीर और आत्मा के संगठन को स्थिरता और शांति की दिशा में ले जाता है। यह एक तात्कालिक साधना है, जो स्वस्थ और संतुलित जीवन के लिए महत्वपूर्ण है।

सुप्रभात ध्यान का अर्थ है 'सुप्रभात' या 'सुबह' में ध्यान लगाना। यह ध्यान प्रक्रिया अधिकतम स्थिरता और ध्यान की शक्ति को उत्पन्न करने के लिए शारीरिक, मानसिक, और आध्यात्मिक तत्वों को समाहित करती है। इसके माध्यम से व्यक्ति अपने आत्मविकास के मार्ग पर अग्रसर होता है।

सुप्रभात ध्यान करने के लिए व्यक्ति शांत और शुद्ध वातावरण में बैठकर ध्यान के लिए समय निकालता है। ध्यानासन में सुखासन, पद्मासन या वज्रासन का उपयोग किया जा सकता है। ध्यानास्थिति में व्यक्ति अपने विचारों को शांत करता है और अपने श्वास का ध्यान रखता है। इस प्रक्रिया के माध्यम से, व्यक्ति अपने मन को शांत करता है और आत्म-साक्षात्कार की दिशा में अग्रसर होता है। सुप्रभात ध्यान का अभ्यास नियमित रूप से किया जाना चाहिए ताकि व्यक्ति अपने जीवन में स्थिरता, संतुलन और आनंद को अनुभव कर सके।

ध्यान के बाद आचार्य सुभाष ने ओशोधारा के कार्यक्रमों के बारे में टीम सद्गुरु हिसार के साथ विस्तृत चर्चा की। उन्होंने बताया की ओशोधारा हर घर ध्यान के उद्देश्य को पूरा करने के लिए हर सप्ताह पूरे देश में अलग-अलग जगहों पर ध्यान योग के 3 दिवसीय कार्यक्रम आयोजित करता है।





हिसार। छात्र योगेश व छात्रा सौम्या। फोटो : हरिभूमि

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जीता प्रथम पुरस्कार

हिसार। डीएवी कॉलेज (लाहौर), अंबाला शहर के भूगोल विभाग की ओर से अंतरराष्ट्रीय विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ऑफलाइन पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन व पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रत्येक कॉलेज से केवल दो प्रतिभागी भेजे गए। इसमें छाजूराम शिक्षण महाविद्यालय के दो विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया व दोनों प्रतियोगिताओं में बाजी मारी। बीएड द्वितीय वर्ष का छात्र योगेश पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन में तृतीय स्थान पर रहा व बीएड प्रथम वर्ष की छात्रा सौम्या पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रही। आयोजक कॉलेज के द्वारा विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र व ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. उर्मिला मलिक ने विद्यार्थियों की जीत पर स्टाफ के सभी सदस्यों व विजेता विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए प्रेरित किया कि भविष्य में भी विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं में इसी प्रकार मेहनत करके सफलता हासिल करते रहें। छाजूराम शिक्षण महाविद्यालय के लिए यह बहुत गर्व की बात है कि इस कॉलेज के विद्यार्थी निरंतर प्रतियोगिताओं में स्थान प्राप्त कर रहे हैं।



आदमपुर। कार्यक्रम में स्वामी सच्चिदानंद को स्मृति चिन्ह भेंट करते आयोजक व संतजन। फोटो : हरिभूमि

ब्रह्मलीन महात्मा चन्द्र प्रकाश जी तपस्वी संत थे : स्वामी सच्चिदानंद

हरिभूमि न्यूज ⏭आदमपुर

बिश्नोई समाज के युवा विद्वान स्वामी सच्चिदानंद ने कहा है कि ब्रह्मलीन स्वामी चन्द्रप्रकाश जी एक महान अवतारी महापुरूष थे। उन्हें मध्यप्रदेश व उतर प्रदेश में लोग जंभेश्वर भगवान के साथ पूजते हैं।

स्वामी सच्चिदानंद नजदीकी गांव भोडिया बिश्नोइयान में ब्रह्मलीन महात्मा चन्द्रप्रकाश जी की जन्मस्थली (कुटिया) पर रामकुमार भादू द्वारा जम्भवाणी हरिकथा में अपना आशीर्वाद देने पहुंचे थे। स्वामी सच्चिदानंद ने कहा कि ऐसे महात्मा की जन्मस्थली कुटिया पर आने का उन्हें सौभाग्य प्राप्त हुआ। उन्होंने रामकुमार को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर पूज्य बापू श्री कृष्णानंद गिरी जी महाराज ने युवाओ को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर श्री महेश नाथ जी, श्री नरोत्तम गिरी जी महाराज (योगाचार्य), प्रवीण बिश्नोई अबोहर, पार्षद बीरसिह राहड़, पार्षद महेंद्र सहू, बिश्नोई सभा मंडी आदमपुर के प्रधान राजाराम खिचड़, नशा मुक्ति टीम के सदस्य हवासिह मांझू, सुभाष सरपंच भाणा, संजय भादू, प्रजापति ब्रह्माकुमारी आश्रम की पूरी टीम, मनोहर गोदारा, कृष्ण धतरवाल, हंसराज गोदारा फतेहाबाद आदि ने कार्यक्रम मे शिरकत की। इस अवसर पर सरपंच अरविंद जांगू, पूर्व सरपंच कृष्ण पूनिया, रामेश्वर पुनिया नम्बरदार, अमीलाल पूनिया, रामेश्वर गोदारा, छज्जूराम पूनिया, डा.पंछीराम, बेगराज पूनिया, आत्माराम टाडा, रिछपाल पूनिया, दलीप पूनिया, जगदीश पूनिया, राजेन्द्र पूनिया, विनोद पूनिया, संदीप पूनिया, सुशील पूनिया (यादराम), विनोद डेलू व सतीश पूनिया आदि उपस्थित रहे।

कैथल के पीटी पहलवान ने पंजाब के चमकौर को हरा जीता इनामी दंगल

- तलवंडी राणा में जय हनुमान अखाड़ा सेवा समिति के इनामी दंगल में नामी पहलवानों का रहा जमावड़ा
- हरियाणा कुश्ती एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष नरेश सेलपाड़ ने बोले दंगल के पहलवानों को भी देंगे सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार





हिसार। इनामी दंगल में दमखम दिखाते पहलवान व उन्हें सम्मानित करते अतिथि। फोटो : हरिभूमि

जय हनुमान अखाड़ा सेवा समिति तलवंडी राणा की ओर से आयोजित विशाल इनामी कुश्ती दंगल में कैथल के पीटी पहलवान ने पंजाब के चमकौर पर पछाड़ते हुए 11 हजार रुपये का इनामी मुकाबला जीत लिया। हालांकि शेष मुकाबलों में हिसार व फतेहाबाद के पहलवानों का दबदबा रहा। इस विशाल कुश्ती दंगल में जींद, हिसार, फतेहाबाद, भिवानी एवं कैथल से लेकर प्रदेश भर से 500 से अधिक पहलवान हिस्सा लिया।

गांव तलवंडी राणा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय परिसर में आयोजित इस इनामी दंगल में हरियाणा कुश्ती एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष नरेश सेलपाड़ मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पंजीकृत अखाड़ों व जिला एसोसिएशन के कुश्ती खेल मुकाबलों के पहलवानों को चोट से बचाने व उन्हें तकनीकी कौशल प्रदान करने के लिए समय-समय पर विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने दंगल के पहलवानों से मैट, ऐज व वेट की कुश्ती से भी जुड़ने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि हरियाणा कुश्ती एसोसिएशन प्रदेश के प्रत्येक पंजीकृत खिलाड़ी का खेल के दौरान बीमा, कुश्ती नर्सरी सुविधाओं से लेकर तमाम प्रकार की सेवाएं देगी, जिससे कि हमारे खिलाड़ी ओलम्पिक में पदक जीत कर हरियाणा प्रदेश व देश का नाम रोशन कर सके।

ये रहे उपस्थित

इस दौरान समाजसेवी साधुराम जाखड़, पूर्व चेयरमैन सतपाल शर्मा, सरपंच दयाल सिंह मोलिया, सरदार कर्मजीत सिंह भुल्लर, अलीशेर पहलवान, राजेंद्र पहलवान, रामप्रसाद गराठी, सुभाष चावड़ा, जगदीश बोकण, मनीराम हाकला, पप्पू हाकला, सुरेश मोलिया, अनूप बिश्नोई, जगदीश, दलबीर सहित खेल, शिक्षा एवं समाजसेवा से जुड़ी नामी हस्तियां मौजूद रही।

ये मुकाबले, इन्होंने जीते मैच

जय हनुमान अखाड़ा सेवा समिति समिति के संचालक क्रीड़ाश्री मास्टर जयवीर ने बताया कि 5100 के इनामी मुकाबले में सिद्धांत डाबड़ा ने अपनी एकेडमी के ही साहिल को हराया। इसी प्रकार 2100-2100 के दो ईनामी मुकाबले में भारत जुगलान ने सचिन भूना को हराया तो रवि तलवंडी राणा ने जींद के उमेद कुमार को धोबी पछाड़ लगाकर ऐसा चित किया कि दर्शकों का रोमांच चरम पर पहुंच गया। इसी प्रकार 1100-1100 के तीन मुकाबले हुए। जिसमें 1100 के पहले ईनामी मुकाबले में तलवंडी राणा के ही राहुल ने कापड़ो के आशीष को हराया। इसी वर्ग में अभय भूना ने हांसी के पहलवान कुन्दन को हराया। इसी ईनामी राशि के तीसरे मुकाबले में हिसार के चन्दन सिंह ने कुलदीप नहला को हराया। इसी प्रकार महिपाल व अजय तलवंडी राणा ने अपने-अपने वर्ग में कुश्ती जीतने के साथ-साथ दर्शकों का दिल जीत लिया।

राजकीय महाविद्यालय उकलाना में एनएसएस कैंप का समापन

उकलाना मंडी। राजकीय महाविद्यालय उकलाना में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के समापन मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अंजू ने शिरकत की। डॉ. अंजू ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित किया। डॉ. सुरीना ने विशिष्ट अतिथि का स्वागत किया। डॉ. अंजू ने कहा कि एनएसएस के कैंप से स्वयंसेवकों में देश व समाज के प्रति कुछ नया करने की भावना बढ़ती है। कैंप में उन्हें सामाजिक कार्यों के प्रति जागृत किया जाता है और कई तरह के अभियान चलाकर कार्य किया जाता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र-छात्राओं को सृजनात्मक एवं रचनात्मक कार्यों के प्रति प्रेरित कर समाज सेवा का अवसर प्रदान करती है और उनके व्यक्तित्व को निखारने एवं भविष्य में उन्हें कर्तव्यनिष्ठ, संवेदनशील तथा उपयोगी नागरिक के रूप में संवारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।



उकलाना मंडी। कैंप के समापन अवसर पर उपस्थित अतिथि व विद्यार्थी।



हिसार। भट्ट ब्राह्मण सभा के नवनियुक्त पदाधिकारी व अन्य सदस्य।

भट्ट ब्राह्मण सभा ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन

हिसार। ऋषि नगर में भट्ट ब्राह्मण सभा का होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। इसमें सभा के सभी पदाधिकारी सदस्यों व समाज के अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने फूलों की होली मनाई। इस अवसर पर भट्ट ब्राह्मण सभा की नई कार्यकारिणी का भी गठन किया गया जिसमें राजेश भारद्वाज को पुनः प्रधान, दर्शन लाल शर्मा को महासचिव, महेंद्र शर्मा को संरक्षक व राकेश कौशिक को कोषाध्यक्ष चुना गया। दर्शन शर्मा व विजेंद्र शर्मा ने आर्य भट्ट की जीवनी पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर महेंद्र शर्मा संरक्षक, वेद कौशिक थानेदार, राममेहर शास्त्री, विनोद शर्मा, धर्मपाल शर्मा, योगेंद्र शर्मा, राकेश कौशिक, राजेश शर्मा, सुनील एमसी, धर्मेंद्र भट्ट, सुरेश भट्ट, अशोक शर्मा एवं सत्य नारायण शर्मा आदि मौजूद रहे।

सामाजिक कार्यकर्ता माता ने रिबन काट किया जनता को समर्पित

उमरा में नवनिर्मित शहीद भगत सिंह पार्क का किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

खेल गांव उमरा में शहीद भगत सिंह के बलिदान दिवस के उपलक्ष पर गांव में स्थित शहीद भगत सिंह पार्क में शहीद भगत सिंह की मूर्ति का अनावरण व पार्क का उद्घाटन सामाजिक कार्यकर्ता नरेश यादव की माता लक्ष्मी देवी ने रिबन कर उद्घाटन किया।

इस दौरान नरेश यादव ने कहा कि उमरा गांव में बनाया गया पार्क ढाणा खुर्द गांव के पार्क से भी सुंदर बनाया गया है और आज इस पार्क का उनकी माता लक्ष्मी देवी द्वारा उद्घाटन कर गांव को समर्पित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि उमरा गांव में बनाया गया पार्क हमारी हांसी को कांशी बनाने की मुहिम में शामिल है और हमारा काम है स्वास्थ्य स्वच्छता और संस्कार के हिसाब से गांव के लोगों का स्वास्थ्य ठीक करने में यह पार्क अच्छी भूमिका निभाएगा और इस पार्क का नाम शहीद भगत सिंह के नाम से रखने से आने वाली पीढ़ियों को संस्कार प्रदान करने में सहयोग करेगा। उन्होंने कहा कि पार्क के निर्माण में उमरा गांव के लोगों व ग्राम पंचायत का भी पूर्ण सहयोग मिला।

गांव के सरपंच विनोद मलिक ने भी पार्क के चारों ओर की सड़के बनाने तथा गंदे पानी की निकासी के लिए नालियां बनाने और गांव की साफ सफाई करवाने में पूर्ण सहयोग किया। नरेश यादव ने बताया कि हांसी में हिसार चुंगी के नजदीक स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में लाल पत्थर से स्कूल का मेन गेट तथा स्कूल के अंदर भी बहुत ही सुंदर पार्क बनाया जा रहा है और इसी के साथ में उमरा रोड पर बन रहे शहीद निशांत मलिक द्वार का भी निर्माण चल रहा है और यह गेट भी जल्द ही पूरा होने की कगार पर है और हम इस गेट का उद्घाटन आने वाली सभी शहीद निशांत मलिक की पुण्यतिथि 11 अगस्त 2024 को करेंगे। उन्होंने बताया कि टीम नरेश द्वारा आने वाले ले दिनों में हांसी हलके की महिलाओं को व बुजुर्गों को गंगा स्नान की यात्रा करवाने की यात्रा शुरू करने जा रहे हैं। गांव में पार्क बनाए जाने पर गांव के लोगों ने नरेश यादव की आभार व्यक्त करते हुए पगड़ी पहनाकर तथा स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस दौरान गांव उमरा के सरपंच विनोद मलिक, मास्टर बलराज सिंह मलिक, अजीत मलिक, मास्टर भरत सिंह मलिक, पूर्व सरपंच कृष्ण मलिक, सुरेंद्र शर्मा, कृष्ण फौजी, मास्टर रामनिवास मलिक, सोनू पपनेजा, अजय कुकरेजा, बंटी नागपाल, राजेंद्र सरपंच, विनोद यादव, जितेंद्र जमावड़ी, विजय ढुल, राजेश जीतपुरा व राजेश कुमार सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।



हांसी। शहीद भगत सिंह पार्क के लोकार्पण के नरेश यादव को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित करती उमरा गांव के सरपंच विनोद मलिक व गांव के गणमान्य व्यक्ति। फोटो : हरिभूमि

मनरेगा मजदूरों ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि

नारनौंद। डॉ. भीमराव अंबेडकर भवन बास में अखिल भारतीय मनरेगा सहयोग मंच डॉ. बीआर आंबेडकर जागृत समिति की ओर से शहादत दिवस पर भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव का शहीदी दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। भारत के वीर सपूतों ने हंसते-हंसते अंग्रेज सरकार के खिलाफ लड़ते हुए फांसी के फंदे को गले लगाया। आज समाज को उन शहीदों की शहादत को याद करते हुए सोचना होगा क्या हम आज भारत के शहीदों के सपनों का भारत बना पाए हैं। इस अवसर पर अखिल भारतीय मनरेगा सहयोग मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामअवतार सुलचानी ने कहा कि आज हमारा देश शिक्षा, स्वास्थ्य, बेरोजगारी, महंगाई तथा लॉ एंड ऑर्डर मेंटेन करने में बहुत पिछड़ता नजर आ रहा है। सत्ता पर काबिज लोग भ्रष्टाचार, बेरोजगारी को रोकने में नाकाम साबित हुए हैं जातिवाद व धार्मिक भावना भड़काकर लोगों को लड़ाया जा रहा है। सरदार भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु ने अंग्रेजों से लड़ते हुए फूट डालो राज करो के खिलाफ जो आवाज बुलंद करी और देश के नौजवानों को छात्रों को इकट्ठा करते हुए जो संघर्ष किया। अंग्रेजों को यहां से भागने पर मजबूर होना पड़ा। हमें निश्चित तौर पर शहीदों के जो नारे थे समाजवाद जिंदाबाद, इंकलाब जिंदाबाद, पूंजीवाद हो बर्बाद उनको लागू करते हुए देश की दिशा और दशा को बदलने की जरूरत है। हमें संगठित होकर अपने देश से भुखमरी, गरीबी को मिटाने के लिए सच्चे अर्थों में शहीदों के सपनों का भारत बनाने के लिए हमें संघर्ष करना होगा। इस कार्यक्रम में राजकुमार मेट बास, सुरेंद्र कुमार मेट राजकुमार, बबलू, बशीर खान मेंबर, अनूप तवर, अनिल कुमार, राजेन्द्र नरवाल, नीलम, कविता, लाली मतेरी, ईश्वर, रामदिया, संतोष इत्यादि ने कार्यक्रम में हिस्सेदारी की।



नारनौंद। शहीदी दिवस पर शहीदों की प्रतिमा पर फूल अर्पित करते हुए मनरेगा मजदूर। फोटो : हरिभूमि

गोदाम से लैपटाप और अन्य सामान चोरी:

फतेहाबाद। टोहाना के चण्डीगढ़ रोड स्थित एक गोदाम में घुसकर दो युवक लैपटाप व अन्य सामान चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में चण्डीगढ़ रोड टोहाना निवासी संजीव कुमार ने कहा है कि उसका चण्डीगढ़-मूनक रोड पर गोदाम है।

ग्लोबल स्पेस कंपनी के तानाशाही फैसलों के खिलाफ एकजुट हुए ग्लोबस स्पेस निवासी

सुविधाएं देने की बजाय मेंटेनेंस चार्ज बढ़ाकर मनमानी कर रही कंपनी : आरडब्ल्यूएस प्रधान

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

शहर के सेक्टर 24 स्थित ग्लोबल स्पेस के निवासियों ने रेजिडेंट वेलफेयर सोसायटी के बैनर तले डेवलपर द्वारा मेंटेनेंस चार्ज को 4 रुपये प्रति गज से 6 रुपये प्रति गज करने के तानाशाही पूर्ण रवैए के खिलाफ बैठक की।

रेजिडेंट वेल्फेयर एसोसिएशन प्रधान रविंद्र शर्मा ने बताया कि डेवलपर के द्वारा आरडब्ल्यूए और कॉलोनी वासियों के संज्ञान में लाए बिना कंपनी का मेंटेनेंस चार्ज बढ़ाने का फैसला पूर्णतया तानाशाही पूर्ण और गलत है। उन्होंने कहा कि कंपनी के द्वारा बहुत सारी सुविधाओं का तो हमें आज तक सिर्फ आश्वासन ही मिलता रहा है



हिसार। ग्लोबल स्पेस कंपनी के तानाशाहीपूर्ण फैसले के रोष स्वरूप मीटिंग में एकत्रित आरडब्ल्यूए के मैंबर व ग्लोबल स्पेश निवासी। फोटो : हरिभूमि

और जो नाम मात्र की सुविधाएं दी गई हैं उनका भी कोई सही तरीके से रखरखाव कंपनी के द्वारा नहीं किया जाता है। हर वर्ष कॉलोनी वासियों को गर्मी के मौसम में जल संकट का सामना करना पड़ता है।

ये समस्याएं कॉलोनी में

बार-बार कालोनीवासियों द्वारा रोष प्रदर्शन करने के बावजूद भी पानी के स्टोरेज का कंपनी ने आज तक कोई समाधान नहीं किया है, सुरक्षा की व्यवस्था भी नाम मात्र है, बाहरी लोगों के प्रवेश पर कोई प्रतिबंध नहीं है।

क्लब हाउस को भी जिम में बदलकर कॉलोनी वासियों को क्लब हाउस की सुविधा से वंचित कर दिया गया है। जिम के नाम पर बाहर के लोगों का आना-जाना लगातार लगा रहता है। बहुत सारी सडकें आज भी टूटी हुई हालत में है। पार्कों का उचित रखरखाव नहीं हो रहा है, पार्क में ओपन जिम की मशीनें व बच्चों के झूले टूटे हुए हैं। गलियों की सफाई भी लगातार नहीं की जाती और जगह-जगह कूड़े के ढेर देखने को मिलते हैं।


एटीएम सुविधा केवल दिखावे तक

प्रधान ने बताया कि कंपनी द्वारा एटीएम की सुविधा भी सिर्फ दिखावे और औपचारिकता के तौर पर दी गई थी जो बंद है और नगर निगम के द्वारा कॉलोनीवासियों से जो हाउस व प्रोपर्टी टैक्स लिया जाता है उस विषय पर भी कंपनी ने कोई समाधान नहीं किया है। आरडब्ल्यूएस प्रधान ने कहा कि अगर जल्द ही कंपनी ने मेंटेनेस चार्ज बढ़ाने के तानाशाहीपूर्ण कदम को वापस नहीं लिया और हमारी मुख्य मांगो को नहीं माना तो कॉलोनी वासियों द्वारा आरडब्ल्यूएस के बैनर तले प्रदर्शन करने पर मजबूर होना पड़ेगा।

भाजपा के इशारे पर पुलिस ने कुरुक्षेत्र में किया लाठीचार्ज : राजेंद्र सोरखी

■ आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं पर लाठीचार्ज की हो न्यायिक जांच

हांसी। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता राजेंद्र सोरखी ने कुरुक्षेत्र में सीएम आवास पर प्रदर्शन के दौरान आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं पर लाठीचार्ज और वाटर कैनन चलाने की निंदा की है। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक व दिल्ली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध प्रदर्शन में जिस तरह आम आदमी पार्टी के सैकड़ों कार्यकताओं पर बर्बरतापूर्ण कार्रवाई भाजपा सरकार के इशारे पर हुई है। इस पूरे घटनाक्रम की न्यायिक जांच होनी चाहिए। पार्टी नेता राजेन्द्र सोरखी ने कहा कि पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा को निशाना बनाकर जानबूझकर उनके सिर पर वार किया गया, उनको गंभीर चोट मारी गईं, जिससे वे घायल होकर सड़क पर गिर गए। इसके बाद उन पर वाटर कैनन खोल दिया गया। इसके अलावा महिला कार्यकताओं पर जानलेवा हमला किया गया। इससे पुलिस की कार्रवाई सवालिया निशानों के घेरे में आती है। लोकतंत्र में सबको शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने का अधिकार है। भाजपा के इशारे पर जिस तरह हरियाणा पुलिस ने आम आदमी पार्टी कार्यकताओं को चोटिल किया इससे उनकी मंशा साफ है व देश से सभी विपक्षी पार्टियों को खत्म करने की साजिश है। प्रदर्शन दौरान लगभग 55 कार्यकताओं को गंभीर चोट आई और सैंकड़ों चोटिल हुए। आम आदमी पार्टी चुनाव आयोग में जाकर इस घटना की न्यायिक जांच की मांग करेगी।



हांसी। घायल प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा का फोटो दिखाते राजेंद्र सोरखी।

खेलों से होता विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास : काजल

■ सीआर लॉ कॉलेज में शहीदी दिवस पर स्पोर्टस मीट का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

सीआर लॉ कॉलेज में शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में स्पोर्टस मीट का आयोजन करवाया गया। जाट एजुकेशनल सोसायटी के कोषाध्यक्ष सागर सिवाच मुख्य अतिथि रहे। स्पोर्टस मीट में तीन प्रतियोगिताएं हुई जिनमें लॉन्ग जंप, वॉलीबॉल और क्रिकेट शामिल थे। लॉन्ग जंप में अरुण मोर, बिजेंदर, निशांत शर्मा ने क्रमशः प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान हासिल किया। वॉलीबॉल टीम में कैप्टन बिजेंद्र की टीम एलएलबी द्वितीय वर्ष विजय रही व नवीन बीए एलएलबी पांचवें वर्ष की टीम दूसरे स्थान पर रही।



हिसार। विजेताओं को सम्मानित करते अतिथि। फोटो : हरिभूमि

क्रिकेट मैच की विजेता योगेश पंघाल एलएलबी द्वितीय वर्ष की टीम रही व द्वितीय स्थान अमित शर्मा एलएलबी तृतीय वर्ष की टीम ने हासिल किया। अरूण मोर मेन आफ दी सिरीज रहे। सागर सिवाच ने कालेज को विश्वास दिलाया की भविष्य में इस प्रकार के आयोजन में किसी भी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। प्राचार्य डॉक्टर कृष्ण कुमार काजल ने बताया कि खेलों से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होता है और विद्यार्थियों को इस प्रकार खेलों में अधिक से अधिक हिस्सा लेना चाहिए। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में भगत सिंह युवा कमेटी व ऑगेर्नाइज्ड सेक्रेटरी दीपक सांगवान व सुमित ने इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर शिक्षक व गैर शिक्षक कर्मचारी मौजूद रहे।

होली का पर्व भाइचारे व प्रेम प्यार का प्रतीक : बजरंग गर्ग

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

अग्रोहा धाम में रविवार को होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इसमें हरियाणा, राजस्थान व पंजाब के कलाकारों ने भव्य सांस्कृतिक व छप्पन भोग का कार्यक्रम किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने की।

■ हमारा देश तरक्की करेगा तभी तो युवाओं को रोजगार मिलेगा

अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने उपस्थित प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि होली का त्यौहार आपसी भाइचारे का प्रतीक है। हम सबको मिलकर राष्ट्र व जनता के हित में कार्य करना चाहिए। हमारे लिए राष्ट्र व जनता का हित सर्वोप्रिय है। हमारा देश तरक्की करेगा तभी तो युवाओं को रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि हमारा मुख्य उद्देश्य देश व प्रदेश के बेरोजगारों को रोजगार दिलाना है और युवाओं को व्यापार व उद्योग के माध्यम से आगे लाना है। इसके लिए वैश्य समाज व व्यापार मंडल की हमारी टीम देश व प्रदेश में कार्य कर रही है और अग्रोहा धाम के विकास के लिए भी दिन-रात लगी हुई है। करोड़ों रुपए की लागत से अग्रोहा धाम व अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में विकास कार्य चल रहे हैं। गर्ग ने कहा कि आज होली मिलन समारोह व पूर्णिमा के पावन पर्व पर अग्रोहा धाम में छप्पन भोग, भंडारे व कलाकारों ने श्री राधा कृष्ण जी, बाबा हनुमान जी व शिव भोले बाबा पर अनेक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। कलाकारों द्वारा होली में खेले रे गुलाल कहियो रे नंद जी से, होली खेल रहे बांके बिहारी आज रंग बरस रहा, रंग मत डालो रे सांवरिया, रंग लेकर खेलते गुलाल लेकर खेलते राधा संग होली नंदलाल खेलते आदि गीतों पर श्रद्धालु काफी देर तक झूमते रहे और चंदन व गुलाल का तिलक लगाकर व फूलों के साथ भव्य होली मनाई गयी और मंदिर में पूजा अर्चना की।



हिसार। अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग उपस्थित प्रतिनिधियों के साथ होली मनाते हुए। फोटो : हरिभूमि

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर आए हुए मेहमानों को राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अग्रसेन भवन प्रधान अंजनी कुमार खारियावाले, मॉर्निंग वॉक क्लब पवन कुमार रालवासिया, सिरसा जिला प्रधान अनिल सर्राफ, ब्रह्मानंद गोयल भट्ट, संजय गुप्ता, हांसी प्रधान विनय जैन, हांसी मंडी प्रधान रामअवतार तायल, सत्यपाल अग्रवाल, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष पवन गर्ग, दुनीचंद गोयल, राष्ट्रीय युवा संयोजक अनंत अग्रवाल, जिला प्रधान एनके गोयल, जय सिंह पाली, बजरंग जैन बरवाला, अजय कंसल, ऋषि राज गर्ग, संजय गोयल, बालसमंद वाले, गौरव जैन, महेश सिंगल, अंजनी कनोडिया, अनिल गोयल, मांगेराम रालवासिया, जगदीश तायल, रमेश सिंगला, बजरंग जैन, अनिल सिंगला मंगाली वाला, आशीष सिंगला, नितिन सिंगला, सुशील गर्ग, प्रमोद गोयल, सत्यप्रकाश आर्य, सुरेंद्र बागड़ी, त्रिलोक कंसल, संजय गोयल, अमित जैन, रामकुमार मित्तल, सीपी गुप्ता, रवि सिंगला, संजय गोयल, आशीष गुप्ता, गौरव जैन, राहुल जैन, शशि लोहिया, विनोद गुप्ता, निरंजन गोयल, नंदकिशोर आदि समाज के प्रतिनिधि भारी संख्या में मौजूद थे।



हिसार। सृष्टि वूमेन एम्पावरमेंट सोसाइटी द्वारा आयोजित होली के रंग फूलों के संग कार्यक्रम में भाग लेती सोसायटी पदाधिकारी व महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

महिलाओं को अपने लिए कुछ पल निकालने चाहिएं : सुनीता

हिसार। सृष्टि वूमेन एम्पावरमेंट सोसायटी की ओर से कबीर छात्रावास में होली के रंग फूलों के संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में काफी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। सोसायटी की अध्यक्ष सुनीता रेड्डू ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का श्याम की चुनरी पहनाकर स्वागत किया। होली के इस रंगारंग कार्यक्रम में महिलाओं ने होली के मधुर गीतों का आनंद लिया। होली के मधुर गीतों पर नृत्य कर समां बांध दिया। होली के गीतों तथा राधा-कृष्ण की रासलीला पर आधारित फूलों की होली ने सभी को मंत्रमुग्ध व भाव विभोर कर दिया। आनंद और भक्ति के मिश्रण ने अपना अलग ही रंग बिखेरा, जिसने सभी को अपने रंग में रंग दिया। सृष्टि वूमेन एम्पावरमेंट सोसाइटी की अध्यक्ष सुनीता रेड्डू ने बताया कि इस कार्यक्रम के आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज में विलुप्त हो रही त्योहारों के प्रति रुचि को फिर से बढ़ाना तथा त्योहारों में भाग लेकर समाज की परम्परा को आगे बढ़ाना है। यह तभी संभव है जब वो स्वयं की प्रतिभा और भावनाओं को समझें तथा अपनी देखभाल करते हुए स्वयं को प्रसन्न रखें।

स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार किया जाएगा : डॉ. गुप्ता

■ नवनियुक्त मंत्री का कार्यालय पहुंचने पर कार्यकताओं ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

हरियाणा के नवनियुक्त स्वास्थ्य मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने कहा है कि प्रदेश के सभी स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार किया जाएगा। कोई भी किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। महाराजा अग्रसैन अस्पताल को विशाल स्वरूप दिया जाएगा और इसके लिए उपयुक्त भूमि की तलाश की जाएगी। सभी सुविधायुक्त अति आधुनिक अस्पताल का निर्माण किया जाएगा।

डॉ. कमल गुप्ता मंत्री पद संभालने के बाद पहली बार जिला भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। कार्यालय पहुंचने पर जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़, निवर्तमान मेयर गौतम सरदाना एवं अन्य पार्टीजनों ने



हिसार। पत्रकारों से बातचीत करते मंत्री डॉ. कमल गुप्ता। फोटो : हरिभूमि

उनका स्वागत किया। उन्होंने सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वर्ष 2014 का विधानसभा का चुनाव जीतने के बाद जो भी दायित्व प्रदेश के मुख्यमंत्री ने उन्हें सौंपे हैं, उनका यथाशक्ति पूरी ईमानदारी से निर्वहन किया है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि उनकी दिली इच्छा थी कि नागरिक उड्डयन मंत्रालय उन्हें मिले क्योंकि उनका इस महत्वकांक्षी परियोजना से भावनात्मक लगाव रहा है। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में बहुउद्देश्यीय हेलीकॉप्टरों की इतनी भरमार कर दी जाएगी कि ऐसा लगेगा कि किसी पार्क में बड़ी संख्या में तितलियां उड़ रही हो। जिला प्रभारी जवाहर सैनी ने कहा कि पार्टी संगठन और सरकारी स्तर पर जो भी दायित्व डॉ. कमल गुप्ता को मिले है उन्हें पूरी कर्मठता और ईमानदारी से उनका निर्वहन किया है। जिला अध्यक्ष आशा खेदड़ ने इस अवसर पर कहा कि दूसरी बार कैबिनेट मंत्री बना कर मुख्यमंत्री ने हिसार का सम्मान बढ़ाया है।

ये रहे मौजूद

इससे पहले हिसार पहुंचने पर डॉ. कमल गुप्ता का पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने पुष्पमाला पहनाकर व पुष्प गुच्छ भेंटकर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर उपरोक्त के अलावा पूर्व विधायक वेद नारंग, जिला महामंत्री अशोक सैनी व आशीष जोशी, मनदीप मलिक, विकास जैन, लोकेश असीजा, सुशील बुडाकिया, सुरेश गोयल धूपवाला, रामचन्द्र गुप्ता, प्रवीण जैन, अशोक कनोजिया, प्रवीण बंसल, फकीरचंद शर्मा, रणधीर धीरू, संजीव रेवड़ी, सीमा गैबीपुर, गायत्री यादव, प्रवीण पोपली, नरेश सिंघल, दीनदयाल गोरखपुरिया, सुभम वलेचा, महेंद्र पानू, मोहित गोयल, महावीर जांगड़ा, प्रकाश अग्रवाल, सुनील वर्मा, सुनील, वेदप्रकाश जैन, पूर्व पार्षद भूपसिंह रोहिल्ला, पार्षद मनोहर लाल, पार्षद उमेद खन्ना, राजकुमार इंदौरा, विनोद तोषावड, शंकर गोस्वामी, ईश्वर नाटा, केपी गुप्ता सहित अन्य भी मौजूद थे।



हिसार। तनिष्क के हिसार स्टोर पर होली मनाते ग्राहक। फोटो : हरिभूमि

तनिष्क हिसार की टीम ने मनाया होली मिलन समारोह

हिसार। होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन पीएलए के सामने तनिष्क स्टोर पर किया गया। होली समारोह को बरसाने में खेले जाने वाली फूलो की होली की तरह ही मनाया गया। ग्राहकों के लिए होली के लिए भिन्न-भिन्न रंगों के फूलो का प्रबंध किया गया। समारोह में सभी ग्राहकों का स्वागत गुलाल का टीका लगाकर किया गया। होली के इस समारोह में आए हुए मेहमानों को होली के गेम खिलाए गए, जिसमें ग्राहकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। स्टोर मैनेजर ने बताया कि तनिष्क हर त्योहार पर मेहमानों के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करता रहता है।

शहीदी दिवस के उलपक्ष्य में आईएसओ ने किया युवा मिलन

शहीद भगत सिंह की विचारधारा को अपनाएं युवा

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

शहीदे आजम भगत सिंह के शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में सैंकड़ों युवाओं और छात्रों की उपस्थिति में आईएसओ की तरफ से जिला अध्यक्ष साहिलदीप कसवां की अध्यक्षता में छात्र युवा मिलन समारोह का अयोजन किया गया। इनेलो जिला अध्यक्ष सतबीर सिसाय इसमें विशेष रूप से उपस्थित रहे।

साहिलदीप कसवां ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि शहीदे आजम भगत सिंह की लड़ाई केवल आजादी की न होकर पूंजीवाद साम्राज्यवाद से आजादी की थी। हम आज का दौर देखते हैं तो जहां हमारे मुद्दे शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, महिला सुरक्षा, राष्ट्रीय सुरक्षा होने चाहिए, वहीं दूसरी ओर इन मुद्दों की जगह चाय, गाय और धर्म ने ली है। कसवां ने सभी छात्रों और युवाओं से भगत सिंह की



हिसार। कार्यक्रम में उपस्थित आईएसओ के पदाधिकारी व सदस्य। फोटो : हरिभूमि

विचारधारा पर चलने के लिए अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि जिस दिन छात्र व युवा भगत सिंह की नीतियों पर चलने लग गए हमारा देश बुलंदियो पर पहुंच जाएगा।

इस अवसर पर इनेलो जिला अध्यक्ष सतबीर सिंह सिसाय, इनेलो लीगल सेल जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंह बाजिया, इनेलो किसान सेल जिला अध्यक्ष राजीव राजा, इनेलो प्रदेश प्रवक्ता अनु सुरा, इनेलो वरिष्ठ नेता जितेंद्र श्योराण, इनेलो नलवा हल्का अध्यक्ष सतपाल कजला, इनेलो बरवाला हल्का अध्यक्ष सुभाष टांक, इनेलो वरिष्ठ नेता सुरेश बैरागी, इनेलो नेता रघुविंदर खोखा, युवा प्रदेश महासचिव राजेश भाकर, युवा प्रदेश सचिव सतीश जांगड़ा बरवाला, युवा प्रदेश सचिव गौरव बेनिवाल, युवा हल्का अध्यक्ष उकलाना मनीष किरमारा, युवा नेता सुभाष किरमारा, आईएसओ जिला उपाध्यक्ष सूखी मंगाली, आईएसओ जिला प्रवक्ता सचिन कांगडा, आईएसओ जिला संगठन सचिव चेतन शर्मा, आईएसओ हिसार हल्का अध्यक्ष राहुल पांचाल, आईएसओ आई.टी. सेल प्रभारी हर्ष भारद्वाज, आईएसओ सीनियर नेता सौरव कांगडा, आईएसओ हांसी हल्का अध्यक्ष ध्रुव जांगड़ा, जीजेयू संयोजक परमजीत, परवीन, आईएसओ नेता आशु हिसार, जयवीर, आईएसओ डीएन कॉलेज प्रधान कृष्ण सेहरावत, आईएसओ राजकीय महाविद्यालय प्रधान सूर्या मलिक, आशीष, भारत राणा सहित सैंकड़ों छात्र और युवा उपस्थित रहे।

एक होकर मनाएं होली, करें एकता का प्रदर्शन : राजेंद्र अग्रवाल

■ अणुव्रत समिति ने टाउन पार्क व जिंदल पार्क में तिलक होली कार्यक्रम आयोजित किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

अणुव्रत समिति हिसार की ओर से अणुव्रत अमृत महोत्सव के समापन पर राष्ट्रव्यापी इको फ्रेंडली फेस्टिवल अभियान के तहत तिलक होली कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल ने की जबकि अणुव्रत अनुशासता आचार्य श्री महाश्रमण के सुशिष्य तपोमूर्ति मुनिश्री पृथ्वी राज व मुनिश्री देवेन्द्र कुमार ने आशीर्वाद दिया।

इसके तहत जल ही जीवन है अभियान द्वारा रंगों से रहित तिलक होली मनाकर जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का शुंभारभ विनोद जैन के अणुव्रत गीत से हुआ। कार्यक्रम में राजकीय महिला कॉलेज के प्रोफेसर डॉ. सत्येन्द्र यादव मुख्य रूप से मौजूद रहे जिन्होंने अपने संबोधन में कहा कि रंगो का त्यौहार हमें मिल-जुल कर व भाई चारे के साथ मनाया चाहिए। यह त्यौहार हमारे आपसी सौहार्द का प्रतीक है। राजेंद्र अग्रवाल ने कहा कि समिति द्वारा पूरे देश में अणुव्रत इको फ्रेंडली फेस्टिवल द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इससे पूर्व भी समिति द्वारा अनेक सामाजिक गतिविधियां आयोजित करवाई जा चुकी हैं। हमें होली का यह त्यौहार मिलजुल कर मनाना चाहिए जिस प्रकार होली पर सभी रंग मिलकर एक हो जाते हैं उसी प्रकार हम सभी को एक होकर भाइचारे व प्रेम के साथ होली का यह पावन पर्व मनाना चाहिए। प्राचार्य सुभाष शर्मा को समिति की ओर से अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।



हिसार। इको फ्रेंडली होली मनाते अणुव्रत समिति के पदाधिकारी व सदस्य।

सूचना

मै, बेबी पत्नी श्री रोशन लाल निवासी मामनपुरा तहसील हांसी जिला हिसार बयान करती हूं कि मेरा पुत्र अनुराग व पुत्रवधू शैली मेरे व मेरे पति रोशन लाल के कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिए मैं पुत्र अनुराग व उसकी पत्नी शैली को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं, आज के बाद अनुराग व पुत्रवधू शैली के साथ हमारा किसी प्रकार का रिश्ता, ताल्लुक या संबंध नही रहा है। आज के बाद जो भी व्यक्ति इन के साथ किसी भी प्रकार का लेन-देन या व्यवहार करेगा वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे परिवार की किसी प्रकार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

विपक्ष के पास नहीं कोई मुद्दा, प्रदेश की सभी लोकसभा सीटें जीतेगी भाजपा : अनिल विज

■ भाजपा नेता डॉ. योगेश बिदानी के आवास पर पहुंच दिया पौत्र को आशीर्वाद



हिसार। भाजपा नेता डॉ. योगेश बिदानी के आवास पर परिजनों के साथ अनिल विज।

हिसार। हरियाणा के पूर्व गृह मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल विज ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी प्रदेश की सभी 10 लोकसभा सीटों पर विजयी होगी। उन्होंने कहा कि विपक्ष मुद्दाविहीन है और भाजपा के खिलाफ चुनाव मैदान में जाने के लिए विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है। अनिल विज रविवार को वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. योगेश बिदानी के आवास पर अनौपचारिक बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केन्द्र व प्रदेश की सरकार ने जनता के हित में इतने विकास व जनकल्याण के कार्य किए हैं, जिनका विपक्ष के पास कोई तोड़ नहीं है। विपक्ष बेवजह शोर-शराबा कर रहा है लेकिन जनता ने अच्छी तरह से जान लिया है कि भाजपा ही हर वर्ग की हितैषी है। यही कारण है कि जनता ने तीसरी बार भाजपा सरकार बनाने की ठान ली है। उन्होंने दावा किया कि देशभर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम की सुनामी चल रही है और इस सुनामी के आगे विपक्ष कहीं ठहर नहीं पाएगा।

एक सवाल के जवाब में अनिल विज ने कहा कि डॉ. योगेश बिदानी उनके 34 साल पुराने दोस्त हैं। उनके घर पौत्र रत्न की प्राप्ति हुई है और इस खुशी के अवसर पर वे परिवार के साथ शामिल हुए हैं। उन्होंने डॉ. योगेश बिदानी व परिजनों को नवजात शिशु के आगमन की बधाई देते हुए उसे आशीर्वाद दिया। इससे पहले अपने आवास पर पहुंचने पर डॉ. योगेश बिदानी, उनकी धर्मपत्नी प्रीति बिदानी, उनके पुत्र डॉ. वैभव बिदानी, पुत्रवधू डॉ. नेहा बिदानी, पौत्री उनेशा एवं अन्य परिजनों ने अनिल विज का स्वागत किया। इस अवसर पर उपरोक्त के अलावा भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा, महाबीर प्रसाद महिपाल, डॉ. तिलक आहुजा आदि उपस्थित रहे।



हांसी। फर्जी मेल आईडी बनाकर साइबर फ्राड कर ठगी करने वाली आरोपित महिलाएं पुलिस गिरफ्त में।

साइबर पुलिस ने फर्जी मेल आईडी बनाकर फ्रॉड करने वाली दो महिलाओं को किया गिरफ्तार

हांसी। साइबर थाना हांसी पुलिस ने फर्जी मेल आईडी द्वारा फ्रॉड करने वाली दो महिलाओं को गिरफ्तार किया गया है। जांच अधिकारी एएसआई रामबिलास ने बताया कि गिरफ्तार की गई दोनों महिलाओं ने कुछ दिन पहले गंजा बाग निवासी सुबोध बसंल हांसी की मेल पर सुबोध के बहनोई की नकली मेल आईडी बनाकर सुबोध बसंल की मेल पर अपना अकाउंट नम्बर भेज कर 4 लाख 80 हजार रुपये की ठगी की थी। गिरफ्तार की गई महिला आरोपियों की पहचान लालावजंली वासी धोरपुल आईजोल मिजोरम हाल उत्तम नगर विहार दिल्ली व दूसरी आरोपिया लालतल निवासी टिकवाल आईजोल मिजोरम हाल मोहन गार्डन दिल्ली के रुप में हुई। पुलिस ने दोनों आरोपित महिलाओं को दिल्ली स्थित चाणक्य प्लेस से गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया आरोपी लालावजंली निवासी धोरपुल आईजोल मिरोरम हाल उत्तम नगर विहार दिल्ली से एक विवो कंपनी का मोबाईल फोन व दूसरी आरोपी लालतल निवासी टिकवाल आईजोल मिजोरम हाल मोहन गार्डन दिल्ली से रेडमी कंपनी का मोबाईल फोन कब्जा पुलिस में लिया गया है। जांच अधिकारी रामबिलास ने बताया कि गिरफ्तार दोनों आरोपित महिलाओं को न्यायालय में पेश करके दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान आरोपियों से गहनता से पुछताछ की जाएगी। सुबोध के साथ फ्राड कर लिए गए रुपए बरामद करने का प्रयास किया जाएगा।

















